# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

**( केन्द्रीय विश्वविद्यालय )**

**बी-४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६**

## ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश

**शिक्षाशास्त्री ( बी.एड्. ) /शिक्षाचार्य( एम.एड्. ) एवं विद्यावारिधि ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा हेतु नियमों के अनुपालन २०२० हेतु -**

..................................................

प्रवेश-परीक्षा निर्देशिका-2020-2021 के अनुसार शिक्षाशास्त्री(बी.एड्.)/शिक्षाचार्य(एम.एड्.) एवं विद्यावारिधि (पी.एचडी.) की प्रवेश परीक्षा दिनांक 10 मई 2020 को आयोजित की जानी थी । कोविड-19 महामारी होने के कारण उक्त परीक्षायें निर्धारित तिथि में सम्पन्न नहीं हो सकीं । उपरोक्त परीक्षायें अब ऑनलाइन माध्यम से दिनांक 21 सितम्बर 2020 को आयोजित की जायेंगी। परीक्षा से पूर्व मॉक टेस्ट (पूर्व अभ्यास परीक्षा दिनांक 14 सितम्बर 2020 को प्रातः 10:00 बजे से 10:30 बजे तक) आयोजित किया जाएगा।

प्रवेश परीक्षा निर्देशिका 2020-2021 में उद्घोषित नियमों के अनुसार केवल लिखित परीक्षा के नियमों में समाहित नियम-उपनियमों में कोविड-19 महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण अभ्यर्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए संशोधन किया गया है शेष सभी नियम यथावत् रहेंगे । यह परिवर्तन केवल सत्र 2020-2021 की ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के लिए ही मान्य होंगे। अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण रूप से अनुपालन करना अनिवार्य होगा:-

1. सभी अभ्यर्थियों को ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए मोबाइल फोन/लेपटॉप/डेस्कटॉप और इंटरनेट आदि की स्वयं व्यवस्था करनी होगी। यदि कोई अभ्यर्थी किन्हीं कारणों से प्रवेश परीक्षा देने में असमर्थ होता है तो उसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा।
2. प्रवेश परीक्षा के लिए इंटरनेट का डेटा 2.0 GB with 4G Connectivity के साथ होना आवश्यक है।
3. सभी अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि उनके लेपटॉप/मोबाइल फोन का फ्रन्ट वीडियो कैमरा ऑन है तथा ऑडियो/वीडियो भी सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं।
4. ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के समय सिस्टम द्वारा पूछे जाने पर अभ्यर्थियों को लेपटॉप/मोबाइल फोन/डेस्कटॉप के कैमरे की स्वीकृति (Allow) देना अनिवार्य होगा अन्यथा परीक्षा प्रारंभ नहीं की जा सकेगी।
5. प्रवेश परीक्षा के समय अभ्यर्थी की सभी गतिविधियाँ कैमरे द्वारा रिकार्ड की जाएँगी। अभ्यर्थी अपने कैमरे को परीक्षा के दौरान बंद नहीं करेंगे। वीडियो रिकार्डिंग में किसी भी प्रकार की अनियमियता पाए जाने पर अभ्यर्थियों द्वारा दी गई परीक्षा रद्द कर दी जाएगी।
6. प्रवेश परीक्षा के समय अभ्यर्थी को अपने सिस्टम से दूर जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके लिए सिस्टम दो बार चेतावनी देगा तथा तीसरी बार गलती होने पर प्रवेश परीक्षा रद्द कर दी जाएगी।

7. ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के समय प्रयोग में लाए गए लेपटॉप/मोबाइल फोन/डेस्कटॉप की स्क्रीन पूर्ण (Full Screen) होना आवश्यक है। अभ्यर्थी द्वारा स्क्रीन को Minimize करने पर प्रवेश परीक्षा रद्द की जा सकती है।
8. अगर अभ्यर्थी अपने सिस्टम से किसी भी प्रकार की Key Combination जैसे ALT+TAB आदि का प्रयोग करता है, तो ऐसी गलती करने पर उसकी प्रवेश परीक्षा समय से पूर्व अपने आप समाप्त हो जाएगी और अभ्यर्थी ही इसका उत्तरदायी होगा।
9. संशोधित नियमों के अंतर्गत सभी पाठ्यक्रमों की ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र में 100 बहुविकल्पात्मक प्रश्न होंगे जिनमं प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का होगा तथा परीक्षा की अवधि दो घंटे निर्धारित की गई है।

**शिक्षाशास्त्री**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | संस्कृतभाषा–दक्षता | 25 प्रश्न/ 50 अंक |
| (ii) | सामान्यज्ञान तथा मानसिक योग्यता | 25 प्रश्न/ 50 अंक |
| (iii) | शिक्षण–अभिक्षमता | 25 प्रश्न/ 50 अंक |
| (iv) | संस्कृत–वाड्.मय | 25 प्रश्न/ 50 अंक |

**मूल्यांकन-विधि-**

शिक्षाशास्त्री–पाठ्यक्रम संस्कृत–शिक्षकों को तैयार करने हेतु व्यवसायिक पाठ्यक्रम है। अतः शिक्षाशास्त्री की ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थी को उत्तीर्णता के लिए निर्धारित अंक निम्नानुसार रहेंगे। संस्कृतभाषा–दक्षता तथा संस्कृत–वाड्.मय विषय में कम से कम 35% अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इसी के आधार पर अन्य खण्डों का मूल्यांकन किया जायेगा। इन खण्डों में भी अभ्यार्थियों को 20% अंक न्यूनतम प्राप्त करने अनिवार्य होंगे।

**शिक्षाचार्य**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | संस्कृतभाषा–दक्षता | 25 प्रश्न/ 50 अंक |
| (ii) | शिक्षा–मनोविज्ञान | 25 प्रश्न/ 50 अंक |
| (iii) | शिक्षा एवं शिक्षण–सम्बद्धता सामान्यज्ञान | 25 प्रश्न/ 50अंक |
| (iv) | संस्कृत–शिक्षण | 25 प्रश्न/ 50 अंक |

**मूल्यांकन-विधि-** शिक्षाचार्य–पाठ्यक्रम माध्यम संस्कृत है। अतः शिक्षाचार्य ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थी की उत्तीर्णता के लिए निर्धारित अंक निम्नानुसार रहेंगे। संस्कृतभाषा– दक्षता तथा संस्कृत–शिक्षण विषय में कम से कम 50% अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इसी के आधार पर ही अन्य खण्डों का मूल्यांकन किया जायेगा।

**विद्यावारिधि-( शिक्षाशास्त्र से भिन्न विषयों के लिए )**

| | | |
|---|---|---|
| खण्डः 'क' | संस्कृत–साहित्य का सामान्य–परिचय | 20 प्रश्न/ 40 अंक |
| खण्डः 'ख' | शास्त्राणां ज्ञानम् | 20 प्रश्न/ 40 अंक |
| खण्डः 'ग' | प्रायागिकव्याकरणम् | 20 प्रश्न/ 40 अंक |
| खण्डः 'घ' | सामान्यज्ञानम् | 20 प्रश्न/ 40 अंक |
| खण्डः 'ड.' | शोध–प्रविधिः | 20 प्रश्न/ 40 अंक |

**विद्यावारिधि ( शिक्षाशास्त्र )**

| | | |
|---|---|---|
| खण्ड:'क' | संस्कृत-साहित्य का सामान्य-परिचय | 20 प्रश्न/ 40 अंक |
| खण्ड:'ख' | शास्त्र-शिक्षण (दर्शन, व्याकरण एवं साहित्य) | 20 प्रश्न/ 40अंक |
| खण्ड:'ग' | प्रायोगिकव्याकरणम् | 20 प्रश्न/ 40 अंक |
| खण्ड:'घ' | शिक्षा दर्शन, शिक्षा-मनोविज्ञान, भारतीय-शिक्षा का इतिहास एवं समस्याएँ | 20 प्रश्न/ 40 अंक |
| खण्ड:'ड.' | शैक्षिक शोध प्रविधि | 20 प्रश्न/ 40 अंक |

**आकलन विधि**- विद्यावारिधि ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के प्रथम-खण्ड में न्यूनतम 50% (पचास प्रतिशत)अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इसी के आधार पर अन्य खण्डों का मूल्यांकन किया जायेगा। उसके बाद ही वरीयता क्रम से चयन होगा।

10. **शिक्षाशास्त्री/ शिक्षाचार्य एवं विद्यावारिधि की मॉक टेस्ट ( पूर्व अभ्यास परीक्षा )एवं आनलाइन प्रवेश परीक्षा की तिथियाँ निम्नवत्**-

- दिनांक 14 सितम्बर 2020 मॉक टेस्ट (पूर्व अभ्यास परीक्षा) — प्रात: 10:00-10:30 बजे तक
- दिनांक 21 सितम्बर 2020 प्रवेश परीक्षा (शिक्षाशास्त्री/शिक्षाचार्य) — प्रात: 10:00-12:00 बजे तक
- दिनांक 21 सितम्बर 2020 प्रवेश परीक्षा (विद्यावार्रिधि) — मध्याह्न 2:00-4:00 बजे तक
- परिणाम की घोषणा — दिनांक 24 सितम्बर 2020
- ऑनलाइन काउंसलिंग (शिक्षाशास्त्री/ शिक्षाचार्य) — दिनांक 28 सितम्बर 2020
- ऑनलाइन काउंसलिंग (विद्यावार्रिधि) — दिनांक 29 सितम्बर 2020
- ऑनलाइन शुल्क जमा कराने की तिथि — दिनांक 30 सितमबर 2020

**नोट**:-

1. चयनित अभ्यर्थियों द्वारा पाठ्क्रम प्रवेश हेतु निर्धारित शुल्क ऑनलाइन माध्यम से तीन दिन के अन्दर जमा कराना आवश्यक होगा। जो अभ्यर्थी देय तिथि पर शुल्क नहीं जमा कर पाएँगे उनके स्थान पर प्रतोक्षा सूची में क्रमानुसार अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान किया जायेगा।
2. उपर्युक्त नियमों के अतिरिक्त प्रवेश निर्देशिका-2020 में दिए गए सभी नियम यथावत् रहेंगे।

K. Bhattacharya

संकाय प्रमुख /विभागाध्यक्ष

शिक्षा संकाय